सार-समाचार

ग्लोबल नोबेल अवार्ड से प्रोफेसर (डॉ) अरुणेन्द्र शर्मा सम्मानित

अजमेर, (कासं)। दिल्ली स्थित, राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित मैजिक बुक ऑफ अवार्ड की तरफ से आयोजित अवार्ड सेरेमनी में प्रोफेसर (डॉ) अरुणेंद्र कृष्ण झालोरिया को ग्लोबल नोबेल अवार्ड से सम्मानित किया गया है इस अवसर पर डॉक्टर सारंग देश ने ग्लोबल ट्रॉफी को भेंट किया तथा सुप्रीम कोर्ट के सीनियर एडवोकेट डॉक्टर राम अवतार शर्मा ने सर्टिफिकेट प्रदान किया। इस अवसर पर सभी गणमान्य लोग मौजूद रहे। आपको बताते हुए हर्ष है कि मेडिकल के क्षेत्र में उन्नत प्रदर्शन के लिए, चिकित्सा सेवाओं के लिए, एवं छात्र-छात्राओं को चिकित्सा क्षेत्र में प्रेरित करने के लिए प्रोफेसर (डॉ) अरुणेन्द्र को उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें यह सम्मान प्रदान किया गया। इन्हें हाल में ही महात्मा गांधी नेशनल सर्विस एवार्ड, राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार एवं भारत रत्न आईकॉनिक अवार्ड से भी सम्मानित किया गया है।

320 पेंशनरों ने लिया लाभ

नसीराबाद, (निसं)। राजस्थान पेंशनर समाज उपशाखा, नसीराबाद द्वारा रविवार को पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों के लिए जीवित प्रमाणपत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों से पेंशनर समय से पहले ही पहुंच गए, जिसके चलते शिविर को निर्धारित समय से पहले सुबह 11 बजे प्रारंभ किया गया और दोपहर 3:30 बजे तक जारी रहा। कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनरों की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। अध्यक्ष गजानंद शर्मा ने बताया कि शिविर की सफलता में रामेश्वर कच्छावा, सुरेशचंद शर्मा, देवीलाल शर्मा, आइवन राजेंद्र, चम्पालाल सोनी, गोपालकृष्ण गर्ग, रामजीलाल वैष्णव, दुर्गासहाय गंगावत, घीसालाल भाटी, ओमप्रकाश, कालूराम तहसीलदार, रामदेव प्रजापत, महावीर टेलर (रामसर), कल्याणमल सेन (बाघसुरी), सोहनलाल गुर्जर, रामरतन सेन, सत्यनारायण ऐरन सहित कई पदाधिकारियों एवं सदस्यों का सहयोग उल्लेखनीय रहा। महिला पदाधिकारियों निशा मैसी, माया गुप्ता, कामिनी शर्मा और पार्वती राठी ने भी सक्रिय योगदान दिया। साथ ही सी.सै.से के व्याख्याता और प्राचार्य द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया। कुल 320 पेंशनरों और पारिवारिक पेंशनरों ने शिविर में भाग लेकर लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम की सफलता के उपरांत यह निर्णय लिया गया कि आगामी 24 नवम्बर 2025 को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक पुन: जीवित प्रमाणपत्र शिविर आयोजित किया जाएगा। अंत में संरक्षक, अध्यक्ष, सचिव एवं समस्त कार्यकारिणी सदस्यों ने सभी पेंशनरों और पत्रकार बंधुओं के सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

विश्व विज्ञान दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता एवं व्याख्यान

ब्यावर (निसं)। श्री वद्धर्मान शिक्षण समिति द्वारा संचालित श्री वद्धर्मान कन्या पी.जी. महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ आर.सी.लोढ़ा के निर्देशन एवं विज्ञान विभाग के तत्वावधान में विश्व विज्ञान दिवस के तहत पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें छात्राओं ने अपने कौशल व रचनात्मकता का प्रदर्शन करते हुए विविध वैज्ञानिक सिद्धांतों जैसे भ्रूण विकास के विभिन्न चरण, प्रदूषण, ब्लैक हॉल, मंगल ग्रह पर जीवन की संभावनाएं आदि से संबंधित रंग-बिरंगे पोस्टर प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ दीपाली लाल ने छात्राओं को बताया कि विज्ञान हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है जो समाज के विकास में अहम भूमिका निभाता है। शांति और विकास के लिए विश्व विज्ञान दिवस आम जनता को उनके जीवन में विज्ञान की प्रासंगिकता दिखाने और उन्हें चर्चाओं में शामिल करने का एक अवसर प्रदान करता है।

पॉलिथीन के उपयोग पर 12 हजार जुर्माना वसुला

मदनगंज-किशनगढ़, (निस)। नगर परिषद द्वारा जनजागरण अभियान के अंतर्गत सिंगल यूज पॉलिथीन का उपयोग करने पर मुख्य बाजार में पॉलीथीन जब्त कर चालान बनाये। मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक महेश बाजिया, ऋषभ, नवीन, प्रभारी चांद के निर्देश पर जमादार राजू चुटेला, पप्पू धोल, राकेश लखन, विमल चावरिया, मनीष धरी, योगेश लखन आदि ने 11 किलो प्लास्टिक थेलिया बैग जब्त कर 12 हजार 3 सौ रुपए बतौर जुर्माना वसूल किया।

सेवा से प्रेरणा, संगठन से दिशा थीम पर हुआ महावीर इंटरनेशनल एपेक्स समारोह

ब्यावर (निसं)। महावीर इंटरनेशनल एपेक्स द्वारा आयोजित दो दिवसीय सम्मेलन कुंभलगढ़ के अत्यंत गरिमामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। कुम्भलगढ़ स्थित कुम्भलगढ़ फोर्ट रिसोर्ट में सेवा से प्रेरणा और संगठन से दिशा थीम पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष वीर अनिलजैन, महासचिव वीर सोहनलाल वैद्य, कोषाध्यक्ष वीर सुधीर जैन तथा डायरेक्टर एवं अन्य अपेक्स पदाधिकारियों की उपस्थिति में कार्यक्रम हुआ।ज़ोन सचिव रूपेश कोठारी के अनुसार अध्यक्षीय संबोधन में अध्यक्ष ने संगठन के उद्देश्यों, नई दिशा और भावी योजनाओं पर अपने विचार रखे। अनेको वक्ताओं ने संगठन विस्तार, संगठन सुदृढ़ीकरण तथा संगठनात्मक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों की सराहना की। चेयरपर्सन एवं सचिवों की भूमिका पर विशेष चर्चा हुई और संगठनात्मक जिम्मेदारियों को स्पष्ट

पीएम श्री विद्यालयों में मार्शल आर्ट्स व आत्मरक्षा प्रशिक्षण

■ अब छात्राओं को स्कूल में मिलेगी सेल्फडिफेंस की ट्रेनिंग

अजमेर,(कासं)। लड़की-महिला की सुरक्षा और बढ़ते अपराधों के मद्देनजर राज्य सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए प्रदेश के 645 पीएम श्री विद्यालयों में अब छात्राओं को मार्शल आर्ट्स और आत्मरक्षा प्रशिक्षण देने की कवायद शुरू कर दी है। इस पहल से अजमेर जिले के 18 पीएम श्री विद्यालयों की 3 हजार 804 छात्राओं को स्कूलों में मार्शल आर्ट में प्रशिक्षित किया जाएगा।

राज्य सरकार की पहल पर बालिकाओं को प्रशिक्षण के लिए पुलिस की कालिका टीम और मार्शल आर्ट्स एक्सपर्ट शामिल होंगे। छात्राओं को पंच, किक, ब्लॉक, पकड़ छुड़ाने, ग्रिप रिवर्स, गिरा कर बचाव और बैक-अटैक से निपटने जैसी तकनीकें सिखाई जाएंगी, साथ ही उन्हें फिटनेस, प्राथमिक उपचार, पौष्टिक आहार, व्यक्तिगत सुरक्षा और कानून में महिला सुरक्षा से जुड़े प्रावधानों की भी जानकारी दी जाएगी। कम्युनिटी पुलिस के एडीजीपी डॉ. बीएल मीना ने सभी जिलों के एसपी को निर्देश दिए हैं कि प्रशिक्षित पुलिसकर्मी स्कूलों में जाकर यह सत्र संचालित करें। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद की राज्य परियोजना निदेशक अनुपमा जोरवाल ने भी संस्था प्रधानों को इसी सत्र से ट्रेनिंग शुरू करने के आदेश जारी किए हैं। इस प्रशिक्षण को स्किल, कॉन्फिडेंस और आत्मरक्षा के पैकेज की तरह लागू किया जा रहा है।

चार चरणों में होगा प्रशिक्षण: चार सप्ताह का यह कोर्स चार चरणों में चलेगा। पहले सप्ताह प्रेरणा, वार्मअप और बेसिक्स, दूसरे सप्ताह पंच, किक, ब्लॉक और फर्स्ट एड, तीसरे सप्ताह परिस्थितियों में बचाव तकनीकें और पोषण ज्ञान और चौथे सप्ताह में रियल सिचुएशन ड्रिल, कानूनी जागरूकता और आत्मरक्षा का लाइव प्रदर्शन।

बनेगी गर्ल्स स्क्वाड: योजना में प्रत्येक पीएम श्री विद्यालय में 20 छात्राओं की गर्ल्स स्क्वाड बनाई जाएगी। इन स्क्वाड टीम को ट्रैकसूट और पीटी शूज भी विभाग उपलब्ध कराएगा। यह टीमें प्रार्थना सभा, महिला दिवस, राष्ट्रीय पर्व और बाल दिवस पर अपने डेमो प्रेजेंटेशन भी दिखाएंगी।

लायन राजेंद्र गांधी को मिला राष्ट्रीय मोरिंगा पुरस्कार

अजमेर, (कासं)। मरु पर्यावरण संरक्षण संस्थान, जोधपुर द्वारा लायंस क्लब के लायन राजेंद्र गांधी को राष्ट्रीय मोरिंगा पुरस्कार से सम्मानित किया गया। संस्थान के अध्यक्ष डॉ. एस.एल. हर्ष (अजोला मोरिंगा मैन) ने बताया कि जोधपुर के उमरावगढ़ पैलेस में आयोजित समारोह में राजेंद्र गांधी को शॉल, माला पहनाकर प्रशस्ति पत्र और मोरिंगा व तुलसी का पौधा भेंट किया गया। डेको संस्थान पिछले बारह वर्षों से मोरिंगा मिशन चला रहा है और अब तक 15 हजार से अधिक पौधे रोपे जा चुके हैं। इस वर्ष 'हर घर मोरिंगा' अभियान के तहत प्रत्येक परिवार तक पौधा पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। लायन राजेंद्र गांधी अजमेर में डेको संस्थान के साथ मिलकर मोरिंगा पौधारोपण और इसके प्रचार-प्रसार में सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं।

कार्यालय नगर परिषद किशनगढ (अजमेर) राज.

क्रमांक: न.प.कि./भूमि/2025/9520 **आम सूचना** दिनांक: 8/11/2025

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मोहम्मद जलीस पुत्र श्री फरीद मोहम्मद, निवासी मदार कॉलोनी, सिराणा रोड़, सिटी फर्नीचर, मदनगंज किशनगढ ने 69ए के तहत् पट्टा चाहने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है जो कि मदार कॉलोनी, सिराणा रोड़, सिटी फर्नीचर में स्थित भूखण्ड / परिसर कुल क्षेत्रफल 67.55 वर्गगज है जिसकी सीमाएं निम्न प्रकार से है।

पूर्व में : श्री बाबूलाल का नोहरा — पश्चिम में : 20 फुट रास्ता
उत्तर में : श्रीमती अनीशा बेगम का मकान — दक्षिण में : सिराणा रोड़

उक्त सीमा मध्य स्थित 69ए के तहत् पट्टा जारी किये जाने में किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की आपति हो तो लिखित में सूचना प्रकाशन के 7 दिवस में प्रस्तुत करे बाद - मियाद किसी प्रकार की कोई आपति / ऐतराज मान्य नही होगा। अत: सूचित रहे।

प्रभारी अधिकारी नगर परिषद किशनगढ़

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1549 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 6.11.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/83, पंचशील, अजमेर क्षेत्रफल 92.25 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री तनुज गुप्ता पुत्र श्री रामवरणलाल गुप्ता को आवंटित कर दिनांक 16.09.2010 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री तनुज गुप्ता पुत्र श्री रामवरणलाल गुप्ता द्वारा दिनांक 08.11.2010 को उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री तनुज गुप्ता पुत्र श्री रामवरणलाल गुप्ता द्वारा आवास का बैचान श्री गोपाल कृष्ण चौधरी पुत्र श्री रामचन्द चौधरी को दिनांक 31.03.2012 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1757 में पृष्ठ संख्या 163 क्रम संख्या 2012001562 पर पंजीबद्ध किया गया। तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 4023 के पृष्ठ संख्या 155 से 165 पर दिनांक 31.03.2012 को चस्पा किया गया है। अब श्री गोपाल कृष्ण चौधरी पुत्र श्री रामचन्द चौधरी ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय चैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री गोपाल कृष्ण चौधरी पुत्र श्री रामचन्द चौधरी का नाममण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल, खण्ड अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1567 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 10.11.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 1-ख-4, वैशाली नगर, अजमेर क्षेत्रफल 263.00 वर्ग गज मूल आवंटी डॉ. रामसिंह पुत्र श्री सार्दुल सिंह को आवंटित कर आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। डॉ. रामसिंह पुत्र श्री सार्दुल सिंह द्वारा दिनांक 09.04.1975 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। डॉ. रामसिंह पुत्र श्री सार्दुल सिंह द्वारा आवास का बैचान श्रीमती राजेश कोहली पत्नि डॉ. अविनाश कोहली को दिनांक 24.03.1987 को कर दिया गया। पुन: श्रीमती राजेश कोहली पत्नि डॉ. अविनाश कोहली द्वारा आवास का बैचान श्री सतीश चन्द गोलेछा पुत्र श्री ज्ञान चन्द जी गोलेछा व श्रीमती अन्गु गोलेछा पत्नि श्री सतीश चन्द गोलेछा को दिनांक 28.08.1997 को कर दिया गया है। श्रीमती अन्गु गोलेछा की मृत्यु दिनांक 25.02.2017 को हो जाने के कारण उनके पति श्री सतीश चन्द गोलेछा पुत्र श्री ज्ञानचन्द गोलेछा द्वारा उक्त आवास में श्रीमती अन्गु गोलेछा के हिस्से का मृत्यु पश्चात् आवास हस्तान्तरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। श्री सतीश चन्द गोलेछा के पक्ष में श्री अविनाश गोलेछा व अभिनव गोलेछा पुत्रगण श्री सतीश चन्द गोलेछा द्वारा दिनांक 30.04.2024 व श्रीमती आकांशा गोलेछा (गुप्ता) पुत्री श्री सतीश चन्द गोलेछा एवं पत्नि श्री गौतम गुप्ता द्वारा दिनांक 19.08.2025 को रजिस्टर्ड हकत्याग पत्र प्रस्तुत किया गया है। अब श्री सतीश चन्द गोलेछा पुत्र श्री ज्ञानचन्द गोलेछा ने उक्त आवास से संबंधित मृत्यु हस्तान्तरण प्रपत्र प्रस्तुत कर स्वयं के नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्री सतीश चन्द गोलेछा पुत्र श्री ज्ञानचन्द गोलेछा का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अत: उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी / आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नहीं होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जावेगी।

सहायक प्रशासनिक अधिकारी राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड अजमेर

मां से बढ़कर इस संसार में कोई नहीं: नन्दराम शरण देवाचार्य

अजमेर,(कासं)। राजस्थान महिला कल्याण मंडल, चाचियावास परिसर में संस्था की प्रथम अध्यक्ष और संस्थापक सागरमल कौशिक की धर्मपत्नी गीता देवी कौशिक की प्रथम पुण्यतिथि पर उनकी मूर्ति का अनावरण किया गया। मूर्ति का अनावरण रामसखा पीठ पुष्कर के पीठाधीश्वर और महामंडलेश्वर 108 आचार्य नन्दराम शरण देवाचार्य के द्वारा किया गया। संस्था निदेशक राकेश कौशिक ने आचार्य का स्वागत करते हुए गीता देवी के योगदान और संस्थान की स्थापना में उनकी भूमिका पर प्रकाश डाला। आचार्य नन्दराम शरण देवाचार्य ने अपने आशीर्वचन में कहा कि इस संसार में मां से बढ़कर कोई नहीं। व्यक्ति जीवन में सभी ऋणों से मुक्त हो सकता है, परंतु मां के ऋण से कोई मुक्त नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि गीता देवी और सागरमल कौशिक दैवीय व्यक्तित्व वाले पुण्यात्मा थे।

अजमेर ग्रामीण ब्लॉक में नवभारत साक्षरता कार्यक्रम की कार्यशाला सम्पन्न

■ 2027 तक पूर्ण साक्षर भारत का लक्ष्य, अजमेर ग्रामीण ने दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अजमेर/जवाजा(निसं)। नवभारत साक्षरता कार्यक्रम (2022-2027) के तहत अजमेर ग्रामीण ब्लॉक में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन सोमवार को किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी तिलकराज भाटी ने की, जबकि मुख्य अतिथि जिला सहायक परियोजना अधिकारी भंवर सिंह राठौड़ रहे। भंवर सिंह राठौड़ ने बताया कि नवभारत साक्षरता कार्यक्रम का उद्देश्य 15 वर्ष से अधिक आयु के असाक्षर नागरिकों को शिक्षा से जोड़ना और 2027 तक भारत को पूर्ण साक्षर बनाना है। उन्होंने कहा कि असाक्षर नागरिकों का पंजीकरण 'उल्लास ऐप' के माध्यम से किया जा रहा है। कार्यशाला में डिजिटल साक्षरता, बैंकिंग साक्षरता और जीवनोपयोगी शिक्षा पर विस्तृत चर्चा की गई। ब्लॉक अजमेर ग्रामीण को वर्ष 2025-26 में 9000 शिक्षार्थियों का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें से 8256 का पंजीकरण पूरा हो चुका है। भंवर सिंह राठौड़ ने इस उपलब्धि के लिए ब्लॉक टीम को बधाई दी। कार्यक्रम के अंत में तिलकराज भाटी ने कहा कि अजमेर ग्रामीण ब्लॉक 2027 से पहले ही पूर्ण साक्षरता का लक्ष्य प्राप्त करेगा। हर शिक्षक और साक्षरता कर्मी इस अभियान का अहम हिस्सा है। कार्यक्रम का संचालन दीपमाला भाटी और उपेंद्र पाल जैन ने किया तथा साक्षरता ब्लॉक कोऑर्डिनेटर नवीन मेघवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अजमेर ग्रामीण ब्लॉक में आमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन हुआ।

अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

आम सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि श्री राजेन्द्र कुमार मेहता पुत्र श्री देवकी मेहता, रश्मि मेहता व शिप्रा मेहता ने ग्राम थोक मालियान 2 के खसरा नम्बर 6138 भूखण्ड संख्या -- में क्षेत्रफल 117.05 वर्गमीटर के भूखण्ड की लीज डीड हेतु आवेदन किया है। इस आम सूचना के प्रकाशन द्वारा उक्त भूखण्ड की लीज डीड श्री राजेन्द्र कुमार मेहता पुत्र श्री देवकी मेहता, रश्मि मेहता व शिप्रा मेहता के पक्ष में जारी करने पर आपत्ति आमंत्रित की जाती है। भूखण्ड का विवरण निम्न प्रकार है-

सीमाऐ	नाप	सीमाऐ	नाप
उत्तर - खाली भूखण्ड	42'0फीट	दक्षिण - भूखण्ड संख्या 100 व 101	42'0फीट
पूर्व - 30 फुट चौड आम रास्ता	30'0फीट	पश्चिम - 30 फुट चौड आम रास्ता	30'0फीट

किसी भी व्यक्ति / संस्था / कम्पनी को उक्त लीज डीड जारी करने पर आपति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन दिनांक से 7 दिवस की अवधि के भीतर अजमेर विकास प्राधिकरण के उपायुक्त जोन (दक्षिण) के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा प्रकरण में नियमानुसार आगामी कार्यवाही संपादित की जाएगी।

उपायुक्त अजमेर विकास प्राधिकरण, अजमेर

पेंशनर्स के लिए जीवित प्रमाण पत्र प्रक्रिया बनी दुविधा

■ राजस्थान पेंशनर्स समाज जिला शाखा अजमेर ने सीएम को लिखा पत्र, पेंशनर्स को राहत देने की मांग

अजमेर, (कासं)। राजस्थान पेंशनर्स समाज जिला शाखा अजमेर ने राज्य सरकार को पत्र लिखकर इस वर्ष जीवित प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की प्रक्रिया में आ रही तकनीकी व व्यवहारिक समस्याओं पर चिंता जताई है। समाज ने पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग जयपुर से मांग की है कि नवंबर 2025 की वैलिडेशन प्रक्रिया को सरल किया जाए, ताकि पेंशनर्स को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े।

प्रांतीय उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह ने बताया कि गत वर्ष तक दूरस्थ स्थान या अन्य राज्यों में रहने वाले पेंशनर्स अपने जीवित प्रमाण पत्र को संबंधित बैंक मैनेजर से प्रमाणित करवाकर आईएफएमएस-2.0 पर अपलोड कर देते थे,जिससे उन्हें सुविधा मिलती थी। लेकिन इस वर्ष यह सुविधा हटाए जाने से हजारों पेंशनर्स को दिक्कते आ रही है। कई पेंशनर राज्य से बाहर हैं, वृद्धावस्था की स्थिति में हैं या शारीरिक रूप से कार्यालय आने में असमर्थ हैं। ऐसे में यह बदलाव जमीनी स्तर पर व्यवहारिक नहीं है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष जीवित प्रमाण पत्र जमा कराने के बाद पावती मैसेज प्राप्त नहीं हो रहाए जिससे भ्रम की स्थिति बनी हुई है। साथ ही कोषाधिकारी स्तर पर टिकिंग विकल्प हटाकर स्कैन अपलोड की बाध्यता कर दी गई है, जिससे सत्यापन प्रक्रिया जटिल हो गई है। ई-मित्र, विभागीय सत्यापन और मंत्रालय स्तर पर सत्यापन की प्रणाली स्पष्ट नहीं है। पेंशनर्स समाज ने मांग की है कि सरकार इन बिंदुओं पर स्पष्ट अधिसूचना जारी करे और पूर्व की व्यवस्था बहाल करे या विकल्प उपलब्ध करवाए।

राजनीति में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए : विधायक डूंगरराम गेदर

नसीराबाद, (निसं)। सूरतगढ़ विधायक डूंगरराम गेदर ने कहा कि समय आ गया है जब प्रजापति समाज को राजनीति के क्षेत्र में सक्रिय होकर अपनी मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज को संगठित होकर आगे आना होगा, तभी उसकी आवाज़ प्रभावशाली ढंग से विधानसभा और संसद तक पहुंच सकेगी। गेदर रविवार को नसीराबाद कोटा चौराहे स्थित गुरु प्रजापत भोजनालय पर समाजजनों से मुलाकात के दौरान संबोधित कर रहे थे। वे अंता उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी के समर्थन में प्रचार कार्य पूर्ण कर लौटते हुए नसीराबाद पहुंचे। इससे पूर्व उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की पत्नी के निधन पर शोक संवेदना भी प्रकट की।

कार्यालय नगर परिषद, पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

सदर बाजार बद्री घाट के पास पुष्कर

E-mail:- np.pushkar.nagarpalika@gmail.com Ph:-01452773025

क्रमांक-नपपु/भूमि/2025/428 **उजरदारी सूचना** दिनांक: 6.11.2025

निम्न आवेदक ने अपनी खरीदशुदा / स्वामित्वसुदा सम्पति के भू उपयोग परिवर्तन हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदक किया है जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपति हो तो अपनी आपति विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपति मान्य नही होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति	स्थान	क्षेत्रफल	चतुर्थ सीमा	
1	श्री लालचन्द खत्री पुत्र श्री बिशनदास, रेखा खत्री, पत्नी लाल चन्द, मनीष खत्री, करण खत्री पुत्रगण लाल चन्द	प्लाट नं 02 गणपति नगर, भटवाय गणेश जी मन्दिर रोड पुष्कर	584 वर्गगज	पूर्व : रोड पश्चिम : अन्य की जायदाद	उत्तर: प्लाट नं. 3 दक्षिण : खसरा नं. 1

आयुक्त, नगर परिषद पुष्कर

कार्यालय नगर परिषद, पुष्कर जिला अजमेर राजस्थान

सदर बाजार बद्री घाट के पास पुष्कर

E-mail:- np.pushkar.nagarpalika@gmail.com Ph:-01452773025

क्रमांक-नपपु/भूमि/2025/2649 **उजरदारी सूचना** दिनांक: 10.11.2025

निम्न आवेदक ने अपनी खरीदशुदा / स्वामित्वसुदा सम्पति के भू उपयोग परिवर्तन हेतु नगर परिषद पुष्कर में आवेदक किया है जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था इत्यादि को उक्त कार्यवाही में कोई आपति हो तो अपनी आपति विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर ठोस सबूत मय दस्तावेज के आधार पर नगर परिषद पुष्कर के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद मियाद आपति मान्य नही होगी एवं परिषद द्वारा अग्रिम कार्यवाही प्रस्तावित कर दी जावेगी।

क्र.सं.	आवेदक का नाम मय पिता/पति	स्थान	क्षेत्रफल	चतुर्थ सीमा	
1	श्री पवन कुमार पाराशर पुत्र कपूरचन्द शर्मा एवं नितिन पाराशर पुत्र पवन कुमार	I.D.S.M.T के पास भटवाय रोड, गणपति नगर, पुष्कर	2269.13 वर्गमीटर	पूर्व : रोड पश्चिम : खसरा नं. 215 का भाग	उत्तर: खसरानं. 213/3 का भाग दक्षिण : खसरा नं. 212 का भाग

आयुक्त, नगर परिषद पुष्कर

अग्रोहा बंधु पश्चिम क्षेत्र संस्था अजमेर की कार्यसमिति बैठक

■ संस्था के भावी कार्यक्रमों पर चर्चा कर अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये

अजमेर, (कासं)। श्री अग्रोहा बंधु पश्चिम क्षेत्र संस्था अजमेर की कार्यसमिति की बैठक संस्था सह संरक्षक श्री ओमप्रकाश गर्ग गोटा वाले के मुख्य आतिथ्य व संस्था अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल की अध्यक्षता में केसर रेस्टोरेंट, हरि भाऊ उपाध्याय नगर में आयोजित की गयी जिसमें संस्था की गतिविधियों पर चर्चा कर संस्था के भावी कार्यक्रमों के बारे में अनेक महत्वपूर्ण निर्णय लिये गये।

संस्था अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल व सचिव अजय अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्री अग्रसेन जी की जय घोष के साथ सभा प्रारंभ हुई। भगवान श्री अग्रसेन जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन संस्था सह संरक्षक श्री ओम प्रकाश गर्ग गोटे वाले अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल अग्रवाल, सचिव अजय अग्रवाल, कोषाध्यक्ष अगम प्रसाद मित्तल एवं राजेंद्र प्रसाद मित्तल, शिव शंकर बाड़मेरी, जगदीश चंद ऐरन द्वारा किया गया। सचिव अजय अग्रवाल ने गत कार्यकारिणी की मीटिंग का कार्यवाही विवरण का पठन किया जिसे सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

अध्यक्ष शैलेंद्र अग्रवाल ने अध्यक्षीय उद्बोधन में सभी का स्वागत किया साथ ही संस्था की आमसभा, वरिष्ठ जन सम्मान एवं संस्था संरक्षक, सह संरक्षक के मनोनयन/चुनाव हेतु प्रस्ताव रखा। ए डी ए द्वारा संस्था को आवंटित जमीन का कब्जा लेने के लिये किये जा रहे प्रयासों व प्रगति के बारे में जानकारी दी तथा विश्वास व्यक्त किया कि शीघ्र ही संस्था को आवंटित जमीन का कब्जा संस्था को मिल जायेगा। सचिव अजय अग्रवाल ने संस्था द्वारा किए गए कार्यों के बारे में बताया अग्रसेन जयंती का कुल खर्च रुपये 15490/- सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया। अग्रसेन जयंती में सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया। संस्था क्षेत्र में निवास करने वाले मयंक बंसल, पीयूष बंसल एवं आदर्श मंगल के प्राप्त सदस्यता आवेदन को स्वीकार किया। जनवरी में स्थापना दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक व मनोरंजन कार्यक्रम तथा वरिष्ठजन सम्मान समारोह जनवरी माह में करने का निर्णय लिया गया। सभी आजीवन सदस्यों को एक निश्चित सदस्यता नंबर देने का प्रस्ताव पास किया गया।

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 1568 **जाहिर आम सूचना** दिनांक 10.11.25

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/82, पंचशील अजमेर में श्रीमती अनुराधा सक्सैना पत्नि श्री गौरव सक्सैना को आवंटित कर दिनांक 29.09.2009 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्रीमती अनुराधा सक्सैना पत्नि श्री गौरव सक्सैना द्वारा दिनांक 07.12.2010 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया है। श्रीमती अनुराधा सक्सैना पत्नि श्री गौरव सक्सैना ने आवास का बैचान श्री सुनील कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री राम कुमार चतुर्वेदी को दिनांक 18.10.2012 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री सुनील कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री राम कुमार चतुर्वेदी के पक्ष में दिनांक 31.03.2023 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री सुनील कुमार चतुर्वेदी पुत्र श्री राम कुमार चतुर्वेदी द्वारा आवास का बैचान श्री हरेश मनवानी पुत्र श्री घनश्याम दास को कर दिया गया। मण्डल द्वारा श्री हरेश मनवानी पुत्र श्री घनश्याम दास के पक्ष में दिनांक 03.07.2024 को नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुन: श्री हरेश मनवानी पुत्र श्री घनश्याम दास द्वारा आवास का बैचान श्री शाश्वत सोनी पुत्र श्री राजेश कुमार सोनी को दिनांक 03.07.2024 को कर दिया गया। मण्डल द्वारा दिनांक 18.08.2025 को श्री शाश्वत सोनी पुत्र श्री राजेश कुमार सोनी के पक्ष में नामान्तरण के आदेश जारी किये गये। पुन: श्री शाश्वत सोनी पुत्र श्री राजेश कुमार सोनी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती संतरा चौधरी पत्नि श्री गोपाल कृष्ण चौधरी को दि